# लोक शिक्षण संचालनालय

ब्लॉक –"C" इन्द्रावती भवन,
अटल नगर, रायपुर छत्तीसगढ़
ई–मेल schoolscholarship717@gmail.com दूरभाष नं 0771– 2511192 फैक्स 0771–24445215


क्र./T/57–2/छा.वृ./छ.ग.म.दु.यो./2024–25/178 नवा रायपुर, दिनांक 19/09/2024

प्रति,

**समस्त जिला शिक्षा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़**

विषय :– छ.ग. महतारी दुलार योजना सत्र 2024–25 के संबंध में।

विषयांतर्गत लेख है कि वर्तमान सत्र से योजना को राज्य छात्रवृत्ति पोर्टल के माध्यम से *Online* किये जाने के आवश्यक प्रावधान के साथ पोर्टल पर विकल्प दिनॉक 13.09.2024 से उपलब्ध कराते हुये सभी उपलब्ध दुरभाष समुहों में सूचित कर दिया गया है। पात्र विद्यार्थियों के पंजीयन व सत्यापन के संबंध में आवश्यक निर्देश बिदुंवार इस प्रकार हैः–

1. विद्यार्थियों का पंजीयन जिला शिक्षा अधिकारी के लॉगिन से किया जावेगा।
2. योजनान्तर्गत पात्रता हेतु प्रत्येक विद्यार्थी का एक बार ही जिला शिक्षा अधिकारी से हस्ताक्षरित पूर्ण रूप से भरा हुआ पात्रता प्रमाण–पत्र अपलोड किया जाना होगा। प्रमाण–पत्र प्रारूप संलग्न है, तथा पोर्टल के संबंधित लिंक से भी प्राप्त किया जा सकता है।
3. निजी शाला में अध्ययनरत विद्यार्थियों के शिक्षण शुल्क हेतु शुल्क से संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी से हस्ताक्षरित प्रमाण–पत्र प्रतिवर्ष अपलोड किया जाना होगा। प्रमाण–पत्र संलग्न है तथा संबंधित लिंक से भी प्राप्त किया जा सकता है। शाला शुल्क हेतु संस्था के नाम पर ही बैंक खाता होना अनिवार्य है।
4. योजना के दिशा निर्देश की कंडिका (4) के अनुसार लाभार्थी को छ.ग. का निवासी होना आवश्यक है, इस हेतु निवासी प्रमाण–पत्र *ARN* के माध्यम से सत्यापित किया जा सकेगा।
5. योजना के दिशा निर्देश की कंडिका 5(।।) के तहत स्वामी आत्मानंद में प्राथमिकता से प्रवेशित विद्यार्थियों की भी जानकारी का भी पंजीयन हेतु प्रावधान दिया गया है।
6. पोर्टल वर्तमान सत्र के लाभार्थियों हेतु ही उपलब्ध कराया गया है, यह कार्य पूर्ण होने के उपरांत ही पूर्व सत्र के लाभार्थियों हेतु पृथक से लिंक उपलब्ध कराया जावेगा।

उपरोक्तानुसार विद्यार्थी व शाला स्तर से संबंधित आवश्यक सभी प्रमाण–पत्र प्राप्ति के लिये कार्य योजना तैयार कर पोर्टल पर उपलब्ध प्रावधान अनुसार सभी पात्र विद्यार्थियों का पंजीयन व सत्यापन करने हेतु दिनॉक 18.10.2024 तक की समयसीमा नियत की जाती है। निर्देशित किया जाता है कि समयसीमा में कार्य पूर्ण करें।

संलग्नः– उपरोक्तानुसार।

**(संचालक द्वारा अनुमोदित)**

उप संचालक
लोक शिक्षण संचालनालय, 19/9/24
नवा रायपुर (छ.ग.)

D:\NST\CGMDY\BHAWNA MDY\CGMDY Letters.Docx

# लोक शिक्षण संचालनालय

ब्लॉक –"C" इन्द्रावती भवन,
अटल नगर, रायपुर छत्तीसगढ़
ई–मेल schoolscholarship717@gmail.com दूरभाष नं 0771– 2511192 फैक्स 0771–24445215




क्र./T/57–2/छा.वृ./छ.ग.म.दु.यो./2024–25/179 नवा रायपुर, दिनांक 19/09/2024

**प्रतिलिपि**–

1. सचिव छ.ग.शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय महानदी भवन छ.ग.की ओर सूचनार्थ ।
2. संयुक्त संचालक समस्त संभाग आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ ।
3. श्रीमती ललिता वर्मा, वैज्ञानिक –''सी'' एन.आई.सी. मंत्रालय की ओर सूचनार्थ व आवश्यक कार्यवाही हेतु।

उप संचालक
लोक शिक्षण संचालनालय, 19/9/24